कन्या भोज नवरात्रि के चतुर्थ दिन कन्याओं को देवी स्वरूप मानते हुए उन्हें आमंत्रित किया गया

भक्ति भावना में लीन हुए गोकुलनगर वासी, नवरात्रि में कराया कन्या भोज

नवभारत,नरसिंहपुर। स्थानीय गोकुल नगर कॉलोनी के निवासियों ने शिवधाम गोकुल नगर गार्डन में आपसी सहयोग की भावना एवं धर्म के प्रति अटूट श्रद्धाभाव को देखते हुए चैत्र नवरात्रि के चतुर्थ दिन कन्याओं को देवी स्वरूप मानते हुए उन्हें आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर सहभागी महिला मंडल ने कन्याओं को श्रृंगारित कर उनका पूजन अर्चन किया। पूजन उपरांत उन्हें भोज कराया गया। इस अवसर पर गोकुल नगर रामायण मंडल द्वारा धार्मिक भक्ति भाव से भरे गीतों की प्रस्तुति भी की गई। ज्ञात हो कि विगत वर्षों से यह कन्या भोज कार्य कराया जाता रहा है, इस अवसर सभी लोग अपना सहयोग प्रदान करते हैं। इस अवसर पर गोकुल नगर के निवासियों ने कहा कि कन्या भोज का आयोजन करना हमारे लिए एक बड़ा सौभाग्य है। यह आयोजन हमें धर्म के प्रति अटूट श्रद्धाभाव को बनाए रखने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हम सभी को एक साथ मिलकर कन्याओं की सेवा करने का अवसर मिला है, जो हमारे लिए बहुत ही सुखद है। इस अवसर पर गोकुल नगर रामायण मंडल के सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कन्या भोज का आयोजन करना हमारे लिए एक बड़ा सम्मान है। यह आयोजन हमें धर्म के प्रति अटूट श्रद्धाभाव को बनाए रखने में मदद करता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने कन्या भोज के आयोजन के लिए गोकुल नगर के निवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन वास्तव में बहुत ही सुंदर और भव्य था।

राजराजेश्वरी मैया का रंग बिरंगी चुनरिओं से हुआ मनमोहक श्रृंगार

गोटेगांव। समीपवर्ती धार्मिक स्थल परमहंसी गंगाआश्रम झोतेश्वर स्थित श्री वानम की हरी हरी हरियाली से सुसज्जित पहाड़ियों के बीचो-बीच अनोखी छटा बिखरने वाला अतिसुंदर कलात्मक आकर्षक मनमोहक भव्य मंदिरजी में विराजमान अनंतकोटि ब्रह्मांड नायिका ललिता पराम्बा जगदंबा मांभगवती त्रिपुरसुंदरी माँराजराजेश्वरी माताजी का चैत्र नवरात्रि पावन पर्व नवसंवत्सर के शुभ अवसर पर प्रतिदिन अलग अलग रूप में श्रृंगार किया जाता है, इसी के चलते चैत्र नवरात्रि के तृतीय दिवस मॉ राजराजेश्वरी मैयाजी का माता चंद्रघटा मैयाजी के स्वरूप में अतिसुंदर अलौकिक रंग बिरंगी चुनरिओं से सुसज्जित मनोहरी आकर्षक दिव्य दर्शन हेतु भव्य श्रृंगार किया गया।

जनाकर्षण का केंद्र बना कंकाली मठ

तेंदूखेड़ा। शक्ति की भक्ति साधना का महापर्व चैत्र नवरात्र पूरे क्षेत्र में धूमधाम से मनाया जा रहा है। जगह जगह जवारे कलश की स्थापना की गई है।सुबह से ही माता रानी को जल अर्पित करने माता रानी के दरबार में पहुंच रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी धार्मिक आयोजनों के चलते संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। जवारे कलश स्थापना वाले स्थानों पर दोपहर में देवी जस भगतें तथा रात्रि के समय संगीतमय पांच आरतियों में श्रद्धालु झूम-झूम कर माता रानी की आरती गा रहे हैं।

मां के दिव्य स्वरूपों का वर्णन

गाडरवारा। गाडरवारा के कोष्टी मोहल्ला स्थित भगतसिंह वार्ड में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञानयज्ञ एवं जवारे स्थापना महोत्सव के चौथे दिन क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह धर्ममय हो गया। संगीतबद्ध भजनों और माँ भगवती की महिमा के जयकारों से पूरा पांडाल गूंज उठा। कथा व्यास पं. श्री शिवम् जी दीक्षित पुजारी सिद्ध मनोकामना मंदिर) ने चौथे दिन की कथा का रसपान कराते हुए माँ भगवती के विभिन्न अवतारों और उनके ममतामयी स्वरूप की व्याख्या की। उन्होंने बताया कि देवी भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला और शक्ति की आराधना का मार्ग है। कथा के दौरान पं. श्री अंशुल जी उपाध्याय की उपस्थिति और भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। आज रविवार होने के कारण सुबह से ही कथा स्थल पर भक्तों का तांता लगा रहा। कोष्टी मोहल्ला सहित आसपास के वार्डों से भी बड़ी संख्या में माताएँ, बहनें और पुरुष श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुँचे।

शिक्षकों ने बुलंद की आवाज, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत,नरसिंहपुर। शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला नरसिंहपुर के तत्वाधान में जिले के शिक्षकों और शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर हुंकार भरी है। मोर्चे ने कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर अपनी तीन सूत्रीय मांगों के त्वरित निराकरण की मांग की है। प्रमुख मांगें जिन पर टिकी हैं नजरें ज्ञापन में शिक्षकों ने मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर सरकार का ध्यानाकर्षण कराया है TET परीक्षा पर रिव्यू पिटीशन शिक्षकों की मांग है कि मध्य प्रदेश सरकार टी.ई.टी. परीक्षा के विषय में माननीय न्यायालय में रिव्यू पिटीशन (पुनर्विचार याचिका) दायर करे और शिक्षकों के पक्ष में मजबूती से खड़ी हो। प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता राज्य शिक्षा सेवा संवर्ग के लोक सेवकों को उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान की जाए, ताकि उन्हें उनके सेवाकाल का उचित लाभ मिल सके। अस्थाई कर्मचारियों का नियमितीकरण विद्यालयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अतिथि शिक्षकों, वोकेशनल शिक्षकों, आईटीसी इंस्ट्रक्टरों, करियर व मेंटल काउंसलरों, प्री-प्राइमरी सहायिकाओं और आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटरों सहित सभी अस्थाई कर्मियों को नियमित करने की पुरजोर मांग की गई है। एकजुट हुए संगठन के सदस्य ज्ञापन सौंपने के दौरान शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। पत्र पर सैकड़ो शिक्षकों के हस्ताक्षर इस बात का प्रमाण हैं कि इन मांगों को लेकर विभाग के भीतर गहरा असंतोष है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया गया, तो वे आगे की रणनीति बनाने पर विवश होंगे। परीक्षा पर रिव्यू पिटीशन दायर करे सरकार- शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने दी चेतावनी शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला नरसिंहपुर ने मध्य प्रदेश सरकार से शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए न्यायालयी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने की मांग की है। जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में टी.ई.टी. (शिक्षक पात्रता परीक्षा) के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार से रिव्यू पिटीशन दायर करने की अपील की गई है। परीक्षा पर रिव्यू पिटीशन शिक्षकों के भविष्य का सवाल शिक्षक संगठन का कहना है कि टी.ई.टी. परीक्षा से जुड़े कानूनी पेचों के कारण हजारों शिक्षकों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। मोर्चा की स्पष्ट मांग है कि मध्य प्रदेश सरकार माननीय न्यायालय के समक्ष रिव्यू पिटीशन (पुनर्विचार याचिका) दायर करे। सरकार को इस मामले में शिक्षकों के पक्ष में मजबूती से खड़ा होना चाहिए ताकि उनके अधिकारों का हनन न हो। परीक्षा और नियुक्ति प्रक्रिया में स्पष्टता लाकर शिक्षकों को मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाई जाए। वरिष्ठता और नियमितीकरण पर भी तकरार ज्ञापन में केवल टी.ई.टी. ही नहीं, बल्कि सेवा संवर्ग से जुड़ी अन्य विसंगतियों पर भी कड़ा रुख अपनाया गया है।

शिक्षक कालोनी में विधायक निवास मार्ग जर्जर, राहगीर परेशान



नवभारत,गोटेगांव। नगर की शिक्षक कालोनी स्थित विधायक निवास को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग की स्थिति इन दिनों अत्यंत दयनीय हो गई है। हाल ही में निर्मित हुई इस सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे उभर आए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों में इस सड़क की दुर्दशा को लेकर गहरा रोष है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण को अभी अधिक समय भी नहीं बीता है, इसके बावजूद सड़क का इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त हो जाना निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर बड़े सवाल खड़े करता है। चूंकि यह मार्ग विधायक निवास तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता है, इसलिए यहां दिन भर वीआईपी और आम नागरिकों की आवाजाही बनी रहती है। सड़क पर बने इन गड्ढों के कारण आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, जिसमें सबसे अधिक खतरा दोपहिया वाहन चालकों को बना रहता है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए सड़क की शीघ्र मरम्मत कराई जाए।

प्रकृति संरक्षण व ऊर्जा बचत का सामूहिक संकल्प

नवभारत,गोटेगांव। स्थित विगत दिवस बरगी कॉलोनी नंबर 2, में क्षेत्र की समस्त मातृ शक्तियों की उपस्थिति में रानी अवंती बाई बलिदान दिवस, गौरैया दिवस एवं अर्थ आवर के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में समाजसेविका स्नेहलता श्रीवास्तव ने बताया कि गौरैया दिवस हमें याद दिलाता है कि प्रकृति के छोटे-छोटे जीव भी पृथ्वी के संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस यह प्रेरणा देता है कि मिट्टी, मातृभूमि और पर्यावरण की रक्षा के लिए साहस, जागरूकता और जिम्मेदारी जरूरी है। अर्थ आवर हमें यह सरल संदेश देता है कि एक घंटा लाइट बंद कर हम ऊर्जा बचाएँ, पृथ्वी बचाएँ और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य दें। मातृ शक्तियों ने मिलकर निम्न संकल्प लिए प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और बाजार जाते समय कपड़े की थैली का प्रयोग करने अपने पर्स में स्टील की कटोरी व चम्मच हमेशा रखने घरों में डिस्पोज़ल की जगह स्टील के बर्तनों का उपयोग करने परिवार के किसी भी कार्यक्रम की शुरुआत एक पौधा लगाने से करने उपयोग किए हुए फलों के बीजों को साफ कर सुखाकर उनसे छोटे पौधे बनाकर वितरित करने घर में बिजली और पानी का समझदारी से कम उपयोग करने एवं 28 मार्च की रात 8:30 से 9:30 तक अर्थ आवर के तहत लाइट बंद रखने का संकल्प लिया इस कार्यक्रम में विशेष रूप से दुर्गा आर्य, प्रियांशी राठौर, राजकुमारी पटेल, भगवती पटेल, प्रकृति पटेल, जानकीबाई पटेल, हीराबाई पंडित, रामावत, प्रभा विश्वकर्मा, मंजुला गुप्ता, सोमलता पटेल, प्रेमलता पटेल, अंकिता विश्वकर्मा, राजुल सोनी, अनिता राय तथा अन्य मातृ शक्तियों की सक्रिय सहभागिता रही। आज कार्यक्रम ने यह सिद्ध किया कि जब महिलाएँ जागरूक होती हैं, तो घर से समाज और समाज से संसार तक पर्यावरण रक्षा की मजबूत नींव तैयार होती है।

एनटीपीसी गाडरवारा की ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

नवभारत,नरसिंहपुर। एनटीपीसी गाडरवारा के सीएसआर के अंतर्गत आयोजित चार दिवसीय ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन दिनांक 21.03.2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव त्रिपाठी (जीएम प्रोजेक्ट) रहे, जिन्होंने टॉस कराकर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मुकाबला ग्राम गंगई और उमरिया के बीच खेला गया, जिसमें ग्राम गंगई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की।

विजेता एवं उपविजेता टीमों को आकर्षक ट्रॉफी, मेडल एवं उपहार प्रदान किए गए। साथ ही, अन्य पांचों गांवों के कप्तानों को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

एक नजर में

अधिक मास के पुनीत पर्व पर विशेष अनुष्ठान

नवभारत,करेली। दिनांक 17 मई से 15 जून तक अधिक मास के पुनीत पर्व पर श्री राजराजेश्वरी मंदिर शक्तिपीठ, श्री स्कंद आश्रम नैमिषारण्य में 16 मई सायं से 22 मई तक श्री गणेश पुराण, 23 मई से 31 मई तक श्री शिवमहापुराण, 31 मई सायं से 8 जून तक श्री देवी भागवत, 9 जून से 15 जून तक श्रीमद्भागवत महापुराण के साथ साथ श्री गणेश जी, श्री कार्तिक स्वामी जी, श्री शिव जी महाराज एवं श्री राजराजेश्वरी देवी जी का विशेष अनुष्ठान, पूजन भी श्री स्वामी महाराज के द्वारा की जावेगी । यह कार्य पूर्ण रूपेण अनुष्ठानिक है। ना तो मंच रहेगा, ना ही माइक रहेगा । अधिकमास में शान्ति से भजन एवं सत्संग करने इक्छुक सीमित लोग भर इसका लाभ उठा सकते हैं, बाकी आम जनता के लिए नहीं है।

शराब के लिए पैसे नहीं देने पर महिला से मारपीट

नवभारत,गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम बोदरी निवासी एक महिला ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपनी साथियों भारती कहार, नंदनी कहार, रश्मि कहार एवं शीतल कहार के साथ जा रही थी। इसी दौरान गांव के मंदा कहार के घर के सामने योगेश उर्फ इक्की कहार ने महिला से शराब पीने के लिए 1000 रुपये मांगे। मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। बीच-बचाव करने आई महिला की बेटी के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई।

बोलेरो की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

नवभारत,गाडरवारा। ग्राम तूमड़ा निवासी व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका रिश्तेदार भोजराज स्कूटी से गैस सिलेंडर लेने बोहानी जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बुलेरो वाहन ने लापरवाही से चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

ईंट-पत्थर से हमला, घायल

नवभारत,गाडरवारा। ग्राम गरधा निवासी व्यक्ति ने बताया कि रात करीब 9-10 बजे वीरेन्द्र धानक उसके घर के सामने गाली-गलौज कर रहा था। मना करने पर आरोपी ने ईंट-पत्थर मारकर चोट पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी। बीच-बचाव करने आए परिजनों के साथ भी झूमाझटकी की गई।

डंडे से हमला कर सिर फोड़ा

नवभारत,गाडरवारा। सिहोरा चौकी क्षेत्र में एक युवक ने शिकायत दर्ज कराई कि पड़ोसी दिनेश बंशकार ने मामूली बात पर गाली-गलौज करते हुए डंडे से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में चोट आई, आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी।

बटवारे के विवाद में बेटे ने मां को पीटा

नवभारत,गाडरवारा। ग्राम कौड़िया के झिरना मोहल्ला में पारिवारिक विवाद का मामला सामने आया। मां ने शिकायत में बताया कि उसका पुत्र कंचन खंगार अलग कमरे की मांग को लेकर विवाद करने लगा। समझाने पर उसने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। सभी मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

बिजली विभाग की तत्परता से टला बड़ा हादसा

नवभारत,साईखेड़ा। क्षेत्र के ग्राम भटेरा में विद्युत विभाग की सक्रियता के चलते एक संभावित बड़ी आगजनी की घटना टल गई। 33 केवी मडगुला लाइन पर पेड़ों के टकराने से हो रही स्पार्किंग को समय रहते ठीक कर विभाग ने किसानों की मेहनत को जलने से बचा लिया। स्पार्किंग से बना था खतरे का माहौल जानकारी के अनुसार, ग्राम भटेरा के पास से गुजरी 33 केवी मडगुला विद्युत लाइन के तारों के बीच पेड़ों की शाखाएं आ गई थीं। हवा चलने और तारों के आपस में टकराने के कारण लगातार तेज स्पार्किंग हो रही थी। गौर करने वाली बात यह थी कि जिस स्थान पर यह स्पार्किंग हो रही थी, उसके ठीक नीचे किसानों की गेहूं की सूखी फसल खड़ी थी। हल्की सी चिंगारी भी पूरी फसल को स्वाहा कर सकती थी, जिससे किसानों में चिंता और भय का माहौल था। विभाग की त्वरित कार्रवाई किसानों द्वारा मामले की गंभीरता की सूचना गाडरवारा उपसंभाग प्रथम की टीम को दी गई।

शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर शिक्षामंत्री को सौंपा ज्ञापन

नवभारत,तेंदूखेड़ा। सुप्रीम कोर्ट के निर्णयानुसार डीपीआई भोपाल द्वारा जारी शिक्षक पात्रता परीक्षा टी ई टी संबंधी आदेश से उत्पन्न स्थिति लेकर को प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव के निर्देशानुसार राज्य शिक्षक संघ नरसिंहपुर के आह्वान पर रविवार को ग्राम लोलरी में म प्र शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह से मुलाकात कर सुप्रीम कोर्ट में मध्यप्रदेश शासन की ओर शिक्षक पात्रता परीक्षा टी ई टी के संबंध रिव्यु पिटीशन दायर किए जाने हेतु मांग की एवं ज्ञापन सौंपकर विस्तृत चर्चा की गई। उक्त अवसर पर शिक्षा मंत्री ने टी ई टी के संबंध में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर किए जाने हेतु आश्वस्त किया। साथ ही कहा कि शिक्षक संगठन भी अपनी ओर से सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर कर अपना पक्ष रखें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजीत जाट प्रांतीय कोषाध्यक्ष नगेंद्र त्रिपाठी प्रदेश मीडिया प्रभारी सियाराम पटेल प्रांतीय संगठनमंत्री कोमल सिंह पटेल जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रमेंद्र जाट जिला उपाध्यक्ष विजय शर्मा आशीष नामदेव पुरुषोत्तम बसेड़िया महेश वैष्णव मदन शुक्ला कमलेश शर्मा शमीम कुरैशी जयप्रकाश कोष्ठी सचिन गुप्तसहित सैकड़ों शिक्षक साथी एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

ब्रह्मचारी अचलानंद ने एटीएम सुविधा का फीता काटकर किया शुभारंभ

नवभारत,गोटेगांव। समीपवर्ती ग्राम श्रीनगर में चैत्र नवरात्रि पावन पर्व के शुभअफसर पर राजपाल पेट्रोल पंप झोतेश्वर रोड पर वक्रांगी का एटीएम मशीन एवं यूनियन बैंक मित्र आईडी का बमचारी अचलानंदजी महाराज द्वारा विधिवत पूजन अर्धन कर फोत काटकर किए जाने के उपरांत संचालक रोहित यादव मुन्नालालयादव भानु प्रताप यादव एवं परिवार जनों को आशीर्वाद देकर शुभकामनाएं दी।

एटीएम मशीन से सभी बैंकों के कार्ड से राशि निकालने के साथही यूपीआई जैसे फोनपे गुगल पे पेटीएम जैसी सुविधा उपलब्ध है, श्रीनगर में एक मात्र एटीएम मशीन होने से ग्राहको को काफी सुविधा होने के साथ-साथ यूनियन बैंक, बैंक मित्र आईडी से आधार कार्ड के माध्यम से पैसे निकाले व खाते में जमा करने के साथ-साथ नये खाते भी खोले जा सकेंगे, एटीएम (ञ्जरू) लगने से बैंकिंग ग्राहकों को नकद निकासी बैलेंस समीपवर्ती ग्राम श्रीनगर में चैत्र नवरात्रि पावन पर्व के शुभ अवसर पर राजपाल पेट्रोल पंप झोतेश्वर रोड पर वक्रांगी का एटीएम मशीन एवं यूनियन बैंक मित्र आईडी का ब्रह्मचारी अचलानंदजी महाराज द्वारा विधिवत पूजन अर्धन कर फीता काटकर किए जाने के उपरांत संचालक रोहित यादव मुन्नालालयादव भानु प्रताप यादव एवं परिवार जनों को आशीर्वाद देकर शुभकामनाएं दी, एटीएम मशीन से सभी बैंकों के कार्डसे राशि निकालने के साथही यूपीआई जैसे फोन पे गुगल पे पेटीएम जैसी सुविधा उपलब्ध है, श्रीनगर में एक मात्र एटीएम मशीन होने से ग्राहको को काफी सुविधा होने के साथ-साथ यूनियन बैंक, बैंक मित्र आईडी से आधार कार्ड के माध्यम से पैसे निकाले व खाते में जमा करने के साथ-साथ नय खाते भी खोले जा सकेंगे, एटीएम (ञ्जरू) लगने से बैंकिंग ग्राहकों को नकद निकासी बैलेंस चैक और फंड ट्रांसफर की सुविधा की जरूरत कम होने के अलावा तत्काल नगद राशि की आवश्यकता पड़ने पर बैंक की लंबी लाइनों में लगने से जैसी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा, यह नकद लेन देन का एक सुरक्षित और भरोसेमंद तरीका है. विविध बैंकिंग सेवाएं नकद निकासी के अलाया पिनकोड बदलना बैलेंस की जांच एवं मिनी स्टेटमेंट ले सकते हैं, किसी भी अन्य बैंक के एटीएम कार्ड का उपयोग कर सकते हैं. इस अवसर पर उपस्थित ग्रामवासीयों एवं क्षेत्र वासियों ने जनहित के इस कार्य की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी।

आर्थिक सहायता देकर बढ़ाया मदद का हाथ

कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने विस्थापितों को बांटे आवासीय पट्टे

नवभारत,साईखेड़ा। क्षेत्र के विकास के साथ-साथ गरीबों और विस्थापितों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक राव उदय प्रताप सिंह ने नगर साईखेड़ा में एक महत्वपूर्ण राहत कार्य संपन्न किया। सांदीपनि विद्यालय परिसर में हाल ही में हुई।

अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए मंत्री ने स्वयं पहल करते हुए उन्हें आवासीय पट्टे और आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। प्रधानमंत्री आवास योजना से मिलेगा पक्का घर सांदीपनि विद्यालय परिसर से विस्थापित हुए हितग्राही नन्हेवीर पिता छिदामीलाल और हक्कीबाई पति परमसुख के सामने सिर छुपाने की चुनौती खड़ी हो गई थी। इस समस्या का त्वरित निराकरण करते हुए कैबिनेट मंत्री ने दोनों परिवारों को प्रधानमंत्री आवास (पीएम आवास) हेतु आवासीय पट्टे उपलब्ध कराए। पट्टा मिलने से अब इन परिवारों के अपने पक्के घर का सपना साकार हो सकेगा। इसके साथ ही उन्हें तत्काल राहत के रूप में आर्थिक सहायता राशि के चेक भी सौंपे गए। गरीबदास और सतीश अग्रवाल को भी मिली आर्थिक मदद पुनर्वास की कार्यवाही के साथ-साथ मंत्री ने अन्य जरूरतमंदों की भी सुध ली। साईखेड़ा निवासी गरीबदास और सतीश अग्रवाल को उनकी आवश्यकताओं को देखते हुए आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। सहायता प्राप्त करने के बाद हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में हुआ आभार व्यक्त इस अवसर पर उपस्थित सभी हितग्राहियों ने इस मानवीय पहल के लिए कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का हृदय से धन्यवाद किया।

स्थानीय नागरिक व सदस्य उपस्थित रहे

साथ ही उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कीरत सिंह पटेल (दादा भैया) एवं क्षेत्र के समस्त वरिष्ठ जनों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके प्रयासों से विस्थापितों को न्याय और संबल प्राप्त हुआ। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सजगता क्षेत्रीय जनों का कहना है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय के कारण ही अतिक्रमण जैसी जटिल कार्यवाही के बाद भी विस्थापितों को समय पर राहत मिल पाई है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, नगर परिषद के सदस्य और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

पेंशनर समाज की हुई बैठक

नरसिंहपुर। मप्र पेंशनर समाज तहसील करेली जिला नरसिंहपुर की पूर्व निर्धारित माह के तृतीय शनिवार की मासिक बैठक का आयोजन राज महल गार्डन में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम हनुमान चालीसा एवं आरती का वाचन कर मासिक बैठक के बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिनमें मुख्य रूप से सभी पेंशनर साथियों के जिला पेंशन कार्यालय से परिचय पत्र बनवाने हेतु चर्चा कर जिला पेंशन कार्यालय को पत्र देना, शासन की नई कैशलेस योजना की जानकारी एवं फार्म प्राप्त करना, सदस्य शुल्क में संस्थापक सदस्य हेतु 1000 एवं साधारण आजीवन सदस्यता शुल्क 500 रखने हेतु सहमति एवं संगठन विस्तार के लिए शहर एवं ग्रामों में वार्ड प्रभारी एवं ग्राम प्रभारी नियुक्ति करना, साथ ही दिनांक 28 मार्च 2026 चतुर्थ शनिवार ग्राम आमगांव में पेंशन समाज की बैठक करना मुख्य है। कवि नारायण प्रसाद यादव द्वारा संगठन की एकता संगठन शक्ति को लेकर कविता की प्रस्तुति दी गई आभार प्रदर्शन सचिव वीडीमेहरा द्वारा किया गया अंत में राष्ट्रीय गान कर बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजीत जाट प्रांतीय कोषाध्यक्ष नगेंद्र त्रिपाठी प्रदेश मीडिया प्रभारी सियाराम पटेल प्रांतीय संगठनमंत्री वैष्णव मदन शुक्ला कमलेश शर्मा शमीम कुरैशी जयप्रकाश कोष्ठी सचिन गुप्तसहित सैकड़ों शिक्षक साथी एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।